Prof. Manoj Kumar Jha (Bihar), Shri Sandosh Kumar P (Kerala), Shri Mohammed Nadimul Haque (West Bengal), Dr. V. Sivadasan (Kerala), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Dr. John Brittas (Kerala), Shri Jawhar Sircar (West Bengal), Shri Sushil Kumar Gupta (National Capital Territory of Delhi), Shri Sanjeev Arora (Punjab), Shri Abir Ranjan Biswas (West Bengal), Shrimati Vandana Chavan (Maharashtra), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Kanakamedala Ravindra Kumar (Andhra Pradesh), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Dr. Santanu Sen (West Bengal), Shri Sujeet Kumar (Odisha) and Shrimati Mahua Maji (Jharkhand).

Thank you. Now, Shri Akhilesh Prasad Singh - Concern regarding cancellation of waiting ticket purchased from window counter at railway station.

**Cancellation of waiting ticket purchased from window counter at railway station**

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह** (बिहार)ः महोदय, रेलवे देश में भारतीय सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी की तरह काम करती है। देश भर में प्रतिदिन लगभग 2 करोड़, 40 लाख नागरिक रेलवे की सेवाओं का उपयोग करते हैं, लेकिन मैं आज इस सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान रेल यात्रियों की एक बहुत ही व्यापक समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ।

महोदय, ऑनलाइन आरक्षण की सुविधा होने के बावजूद आज भी देश में बड़े पैमाने पर, खासकर दूरदराज के इलाकों में अधिकतर यात्री रेलवे का विंडो टिकट लेते हैं। अभी भी जो मौजूदा नियम है, उसके अनुसार वेटिंग टिकट अगर कन्फर्म नहीं हुआ तो ट्रेन के रवाना होने के आधे घंटे बाद तक विंडो से लिए गए वेटिंग टिकट को कैंसल कराया जा सकता है, लेकिन इसमें यात्रियों को बहुत ही ज्यादा असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वैसी ट्रेनें, जो सुबह या देर रात को खुलती हैं, उनका चार्ट सामान्यतः देर रात तक ही प्रिपेयर होता है और उस समय तक टिकट काउंटर्स प्रायः बन्द हो चुके होते हैं। ऐसी स्थिति में, जिन यात्रियों का टिकट कन्फर्म नहीं हुआ, उनके पास टिकट कैंसल करने का कोई दूसरा उपाय बचता नहीं है, इसलिए मजबूरन उन्हें या तो वेटिंग टिकट पर ही यात्रा करनी पड़ती है अथवा उनका पैसा डूब जाता है। इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार को यह सुझाव है कि विंडो से लिए गए जो भी टिकट्स हैं, उनके कैंसिलेशन के लिए ज़रूर एक वैकल्पिक व्यवस्था शुरू की जानी चाहिए। आजकल सरकार में डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बहुत बात हो रही है। इसलिए एक हैल्पलाइन नम्बर जारी किया जाना चाहिए, ताकि यात्री अगर चाहें तो कॉल करके अपना टिकट कैंसिल करा सकें। रेलवे के आरक्षित टिकट की कैंसिलेशन फीस भी काफी बढ़ायी जा चुकी है, इससे गरीब यात्रियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

इसके साथ ही, मैं यह भी सुझाव देना चाहता हूं कि कम से कम स्लीपर और थर्ड एसी के टिकट के कैंसिलेशन चार्ज को कम किया जाना चाहिए। इसमें मेरा यह भी सुझाव है कि दूर-दराज़ के इलाकों में टिकट रिज़र्वेशन काउन्टर्स की काफी कमी है और जैसा कि हम लोग सुन रहे हैं कि

रेलवे में स्टाफ की भी कमी है और बहुत सारे पद खाली पड़े हुए हैं, तो खाली पड़े पदों पर भर्ती की जानी चाहिए। दूसरा, अगर संभव हो * ...(**समय की घंटी**)...

**श्री उपसभापतिः** माननीय अखिलेश जी, आपके बोलने का समय खत्म हुआ, अब आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है। माननीय अखिलेश जी, ज़ीरो ऑवर में तीन मिनट ही बोलने का समय होता है। आप समय के तहत बोले, अब आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है।

The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Shri Akhilesh Prasad Singh: Shri Mallikarjun Kharge (Karnataka), Dr. John Brittas (Kerala), Shri Jawhar Sircar (West Bengal), Shri Sushil Kumar Gupta (National Capital Territory of Delhi), Shri Neeraj Dangi (Rajasthan), Shri Sandosh Kumar P (Kerala); Shri G.C. Chandrashekhar (Karnataka), Shrimati Phulo Devi Netam (Chhattisgarh), Shri Pramod Tiwari (Rajasthan), Shrimati Jebi Mather Hisham (Kerala), Dr. Amar Patnaik (Odisha), Shrimati Vandana Chavan (Maharashtra), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Abir Ranjan Biswas (West Bengal), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shri Kanakamedala Ravindra Kumar (Andhra Pradesh); and Dr. Santanu Sen (West Bengal).

Now, Shri S. Selvaganabathy, 'Demand to set up National Council to improve the level of education in primary schools.'

## Demand to set up National Council to improve the standard of education in primary schools

SHRI S. SELVAGANABATHY (Puducherry): Hon. Deputy Chairman, Sir, at the outset, I would like to congratulate the Ministry of Education for improving the quality of higher education by setting up RUSA (National Higher Education Scheme). This has improved the infrastructure facilities of colleges and polytechnics in the Union Territory of Puducherry, beyond the efforts of the local Government. I am really impressed by the success of the scheme in a very short time.

The New Education Policy, 2022 gives importance to primary education in the country because primary education is the instrument of improving the quality of life, especially, in the rural sector. But I find most of the Government schools lack basic infrastructural facilities like clean drinking water, toilet facilities and teaching aids.

Only if the infrastructure of the school and the quality of teaching is attractive, we can achieve 100 per cent literacy at the primary level. I appreciate that the extension of Mid-Day Meal Scheme has increased the enrolment ratio. Now we are

---

* Not recorded.